महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांक–1415 / कु0का0 / 2023 दिनांक–28 / 04 / 2023

कार्यालय आदेश

(परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि का विस्तारण)

विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 1353 / कु0का0 / 2023, दिनांक 19.04.2023 के द्वारा अवशेष पाठ्यक्रमों, बी.एड., एम.एड., एलएल.बी.,एलएल.एम., बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.पी.एड., बी.एससी. (Ag), एम.एससी. (Ag), द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर तथा स्नातक प्रथम सेमेस्टर की विशेष बैक / श्रेणी सुधार परीक्षा **(केवल सत्र 2021–22 के छात्रों हेतु)** के ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथियाँ घोषित की गयी थी। परन्तु संज्ञान मे आया है कि निर्धारित अन्तिम तिथि 28 अप्रैल 2023 तक कतिपय विद्यार्थी परीक्षा फार्म नहीं भर पायें हैं। अतः छात्र हित में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार अन्तिम तिथि 03 मई 2023 तक विस्तारित की जाती है।

ऑनलाइन परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://msdsu.ac.in अथवा msdsuonline.in पर भरने हेतु संशोधित / विस्तारित समय सारणी निम्नवत है।

क्रमांक	विवरण	दिनांक
1	निर्धारित शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि (विस्तारण)	03 मई 2023
2	महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फार्मो का शुद्धीकरण एवं सत्यापन	29 अप्रैल–04 मई 2023
3	विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर रोल लिस्ट उपलब्ध कराने की तिथि	06 मई 2023 से (यथावत)
4	विश्वविद्यालय की वेबसाइट से विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने की तिथि	10 मई 2023 से (यथावत)
5	उपरोक्त पाठ्यक्रमों की परीक्षा प्रारम्भ की प्रस्तावित तिथिः **(परीक्षा कार्यक्रम अलग से जारी किया जायेगा)**	18 मई 2023 से

नोट– महाविद्यालय परीक्षा फार्म के शुद्धीकरण / सत्यापन का कार्य फार्म भरे जाने की अवधि में साथ–साथ ही सम्पादित करते रहें।

उपरोक्त के क्रम में समस्त सम्बन्धित शासकीय / अशासकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वह उक्त तिथियों के अनुसार निर्धारित शुल्क सहित समस्त परीक्षा फार्म भरवाने की कार्यवाही सम्पन्न कराएं।

भवदीय

(प्रो0 शर्वेश पाण्डेय)
कुलसचिव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को संज्ञानार्थ।
2. प्राचार्य / प्राचार्या / समस्त सम्बन्धित शासकीय / अशासकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. ऑनलाइन एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित है, कि उक्त कार्यालय आदेश को महाविद्यालय के कालेज लॉगिन एवं विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें तथा उपरोक्तानुसार आनलाइन परीक्षा फार्म भरवाने एवं ऑनलाइन निर्धारित शुल्क जमा कराए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।
4. विश्वविद्यालय के व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करने हेतु।
5. मीडिया प्रभारी को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में व्यापक जनहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।

(कुलसचिव)